

| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शुक्रवार शाम | शनिवार सुबह |
| सुन्नी : 6:16 | सुन्नी : 5:15 |
| शिया : 6:24 | शिया : 5:07 |

### शहर में आज

- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बरेली चैप्टर का होली मिलन एवं रंगारंग कार्यक्रम वाटिका लान बरेली क्लब में रात 8 बजे।
- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे।
- बरेली बार एसोसिएशन का होली महोत्सव बार भवन परिसर में दोपहर 3 बजे।
- कोतवाली गेट पर लगे प्याऊ का उद्घाटन शायर वसीम बरेलवी, डॉ अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा दोपहर 12.30 बजे।
- राज्य ललित कला अकादमी एवं कन्या महाविद्यालय आर्य समाज की ओर से अर्बन कोऑपरेटिव बैंक सभागार में चित्रकला प्रदर्शनी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक।
- किसान एकता संघ भारत एवं अमेरिका द्विपक्षीय कृषि समझौते के विरोध में दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पर डीएम को ज्ञापन दोपहर 12 बजे।
- सामाजिक एवं साहित्यक संस्था की ओर से क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर विचार गोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मन्दिर ब्रज लोक कॉलोनी में दोपहर 2 बजे।
- दिव्यांगजन व पिछड़ा वर्ग राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे सुबह 10 बजे।

# बरेली वापस आएगी क्रिटिकल केयर यूनिट : डिप्टी सीएम

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **बजट जारी होने के बावजूद लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**
- **पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप की बेटी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे थे डिप्टी सीएम**

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने गुरुवार को कहा कि भूमि न मिलने की वजह से लखनऊ शिफ्ट हुई क्रिटिकल केयर यूनिट बरेली वापस आएगी। क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए बजट जारी होने के बावजूद लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भूमि क्यों उपलब्ध नहीं हुई, किस स्तर से प्रयास नहीं हुए, इसको दिखवा रहे हैं।

पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप की बेटी के शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बरेली एयरपोर्ट पर अमृत विचार से खास बातचीत में कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, यदि किसी स्तर पर देरी या उदासीनता पाई गई तो जिम्मेदार अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि बरेली जैसे बड़े जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। आयुष्मान योजना में गड़बड़ी के सवाल पर उन्होंने कहा कि गलत बिल बनाने वाले अस्पताल संचालकों पर कार्रवाई हो रही है। इसकी शुरुआत भी हो गई है। अब गलत भुगतान लेने या फर्जी क्लेम करने वाले अस्पतालों के खिलाफ मुकदमे भी दर्ज किए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड से हो रहे इलाज का भुगतान अब तेजी से किया जा रहा है, ताकि मरीजों और अस्पतालों को परेशानी न हो।

**ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष समेत कई नेताओं ने किया स्वागत :** बरेली एयरपोर्ट पहुंचने पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना सहित कई नेताओं ने स्वागत किया। इसके बाद बृजेश पाठक शादी समारोह में शामिल होने के लिए चले गए।



एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम का स्वागत करते मेयर डॉ. उमेश गौतम, साथ में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, बिथरी विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए अभी इंतजार

जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाने की बात पर डिप्टी सीएम ने कहा कि जिले में तीन निजी मेडिकल कॉलेज हैं। सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा, लेकिन बरेली में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोला जाना उनकी वरीयता सूची में शामिल है। कहा कि सरकार की मंशा साफ है कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के साथ ही आम जनता को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए।

### अब यूपी का युवा प्रदेश में ही करेगा नौकरी

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा है कि उत्तर प्रदेश का युवा रोजगार के लिए दूसरे राज्यों की ओर पलायन नहीं करेगा। प्रदेश सरकार ऐसी नीतियां लागू कर रही है, जिससे युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर अवसर मिल सकें। स्वास्थ्य विभागों में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ने से रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं और स्टार्टअप को बढ़ावा देने से युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है।

## फालतून गंज में संपत्ति सील, 9.21 लाख जमा कराए

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के संपत्ति कर विभाग की बकाया कर वसूली अभियान के तहत जोन-02 के फालतून गंज निवासी मो. मुस्तफा की संपत्ति को सील किया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक नोटिस दिए जाने के निर्धारित समय में बकाया कर जमा नहीं किया गया था। सीलिंग के दौरान कुल 9,21,439.04 रुपये नगर निगम के कोष में जमा कराए गए। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके चतुर्वेदी ने संपत्ति मालिकों से अपील की है कि वे अपने बकाया कर समय पर जमा करें और वैधानिक कार्रवाई से बचें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि बकाया कर की वसूली के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्लाईवुड फैक्ट्री पर सीजीएसटी का छापा

## फैक्ट्री मालिक के आवास समेत कई स्थानों पर एक साथ चल रही जांच, सुरक्षा बलों ने डाला घेरा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली/फरीदपुर**

**अमृत विचार :** फरीदपुर तहसील क्षेत्र में गुरुवार तड़के सेंट्रल जीएसटी की टीम ने सीआरपीएफ जवानों के साथ प्लाईवुड फैक्ट्री में छापेमारी की। टीम ने प्लाईवुड फैक्ट्री के साथ फैक्ट्री मालिक के आवास समेत उनके अन्य प्रतिष्ठानों पर भी दस्तक देकर रिकार्ड खंगाला। प्लाईवुड कंपनी संचालकों का उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड तक कारोबार फैला है। इस छापेमारी से व्यापारियों में चर्चा का बाजार गर्म है।

दिल्ली से आई सेंट्रल जीएसटी की टीम ने फरीदपुर क्षेत्र में भगवानपुर फुलवा गांव में स्थित पांचजन्य प्लाईवुड फैक्ट्री में छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार छापेमारी करने के लिए एक साथ कुल 11 टीमें व्यापारी रवि नोमानी के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि उत्तराखंड में दस्तक दी है। बताया जा रहा है कि फरीदपुर पांचजन्य प्लाईवुड में पांच गाड़ियों से टीम के सदस्य पहुंचे और कार्रवाई करने से पहले सभी के मोबाइल फोन और दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। फैक्ट्री में आने-जाने वालों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया और सुरक्षा के लिहाज से गेट पर ही सीआरपीएफ जवानों को तैनात कर दिया गया। टीमों ने फैक्ट्री मालिक रवि नेमानी के घर से लेकर सभी औद्योगिक इकाइयों पर एक साथ छापे मारी की है।



फैक्ट्री के पास खड़े टीम के वाहन।

- **उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में फैला है फैक्ट्री प्रबंधन का कारोबार**





जांच के दौरान प्लाईवुड फैक्ट्री का गेट बंद नजर आया। ● अमृत विचार

### गेट से लौटे मजदूर दिनभर ठप रहा काम

गुरुवार की सुबह की शिफ्ट में पहुंचे मजदूरों को फैक्ट्री गेट से ही वापस लौटा दिया गया। छापेमारी के चलते फैक्ट्री का संचालन पूरी तरह ठप रहा। हालांकि मौके पर मौजूद जवान ने साफ किया कि मजदूरों के प्रवेश पर उनकी ओर से कोई रोक नहीं थी, बल्कि प्रबंधन ने ही फिलहाल काम बंद रखा है। छापेमारी ने पूरे औद्योगिक क्षेत्र में हलचल मचा दी है।

### फैक्ट्री में देर शाम तक जारी रही छापेमारी

बता दें कि इस फैक्ट्री पर यह पहली छापेमारी नहीं है। इससे पहले भी जुलाई 2025 और फरवरी 2023 में सीजीएसटी की टीम फैक्ट्री में छापेमारी कर चुकी है। फैक्ट्री के अंदर टीम में शामिल अधिकारी खातों, कंप्यूटर डाटा और जरूरी दस्तावेजों की गहन जांच कर रहे हैं। बाहर सुरक्षा घेरा पूरी तरह से मुस्तैद किया गया है। सेंट्रल जीएसटी की टीम ने फैक्ट्री परिसर को अपने कब्जे में लेकर उसे छावनी में तब्दील कर दिया है।

## तत्कालीन प्रधान व सचिवों से 54.59 लाख की होगी वसूली

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **डीपीआरओ ने आदेश जारी कर वेतन लिपिक को दिया निर्देश**
- **वसूली आदेश कलेक्ट्रेट स्थित जिला संग्रह कार्यालय भेजे**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर वर्ष 2018-19 के ऑडिट प्रतिवेदन में अधिभार के रूप में शामिल धनराशि की आधी-आधी वसूली तत्कालीन प्रधान और सचिव से होनी है। इसे लेकर तत्कालीन सचिवों से वसूली के लिए डीपीआरओ ने आदेश जारी किया है। इनसे कुल 54.59 लाख रुपये की वसूली की जाएगी।

दरअसल, ग्राम पंचायत भैरपुरा खजुरिया के तत्कालीन सचिव चैतन्य प्रकाश से 260625 रुपये, ग्राम पंचायत गरीबपुर के तत्कालीन सचिव विकास रविंद्र से 113744 रुपये, ग्राम पंचायत ढकनी राजपुरी के तत्कालीन सचिव कुलदीप कुमार पांडे से 2080122 रुपए, ग्राम पंचायत सरदार नगर के तत्कालीन सचिव नरेश पाल से 1891684 रुपये, ग्राम पंचायत हृदयपुर उर्फ अंधरपुरा के तत्कालीन सचिव रामआसरे से 604509 रुपये, ग्राम पंचायत दिलीपपुर के तत्कालीन सचिव नरेश पाल से 509074 की वसूली उनके वेतन से किए जाने के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने जिलाधिकारी के निर्देश पर आदेश जारी किया है। वेतन लिपिक को यह निर्देश दिया है कि उक्त धनराशि की वसूली सचिवों के वेतन से की जाए। फिलहाल, डीपीआरओ ने वसूली आदेश कलेक्ट्रेट स्थित जिला संग्रह कार्यालय भेजें हैं।

## चौपाल में होम कम्पोस्टिंग व कचरा पृथक्करण पर जोर



स्वच्छता को लेकर जागरूक करते अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **वार्ड 24 में स्टेट बैंक कॉलोनी पार्क में हुआ आयोजन, लोगों ने ली स्वच्छता शपथ**
- **अपर नगर आयुक्त ने लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान का दिया आश्वासन**

**अमृत विचार :** शहर के वार्ड 24 के मौलानगर स्थित स्टेट बैंक कॉलोनी पार्क में गुरुवार को स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने की दिशा में अहम कदम उठाया गया। नगर निगम ने स्वच्छ चौपाल, स्वच्छ बसंत अभियान और स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें 60 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। क्षेत्र को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश दिया गया। चौपाल के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनकी समस्याएं भी सुनी गईं।

मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वार्ड में सफाई व्यवस्था, हरित पट्टियों और घरों में अपनाई जा रही होम कम्पोस्टिंग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्रोत पर कचरा पृथक्करण की आवश्यकता समझाते हुए गीले और सूखे कचरे को अलग रखने पर जोर दिया। सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। लोगों से इसे पूरी तरह त्यागने की अपील की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए सामूहिक सहयोग का आह्वान भी किया गया। नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छ भारत मिशन टीम के सदस्यों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। संवाद सत्र में होम कम्पोस्टिंग, कचरा प्रबंधन की बेहतर तकनीकों और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा हुई।

अधिशासी अभियंता राजीव राठी ने कहा कि वार्ड 24 के नागरिकों की सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर का सपना साकार किया जा सकता है। भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, मुख्य सेनेटरी इंस्पेक्टर महेंद्र प्रताप राठौर, जोनल अधिकारी विमल कुमार मिश्रा, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष दिनेश सक्सेना, ब्रांड एंबेसडर मनोज कुमार गुप्ता, आईईसी सदस्य आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि नागरिकों के सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा।

## पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाएं

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा की। समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जो व्यक्ति पात्र हों, उन्हें योजना का लाभ दें।


डीएम ने कहा कि जिन लोगों की प्रथम लोन की किस्त पूरी हो गई है, उन्हें दूसरा लोन लेने के लिए प्रेरित करें। योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराएं। कहा कि अभी भी बैंक में फाइलों के रिजेक्शन अधिक हो रहे हैं, जो अच्छी बात नहीं है। सुधार करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उपजिलाधिकारी/पीओ डूडा रामजनम यादव सहित समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# सकलैन नगर में गड्ढों और गंदगी पर फूटा गुस्सा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी के दावों के बीच चक महमूद के सकलैन नगर, गली नंबर तीन के बाशिंदों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग नगर निगम पहुंचे और बदहाल सड़क, जलभराव और सफाई व्यवस्था को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि गली में सड़क नाम की कोई चीज नहीं बची है, हर कुछ कदम पर गहरे गड्ढे हैं, जिनमें पानी भरा रहता है। नाली न होने से पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे कीचड़ और गंदगी स्थायी समस्या बन चुकी है, हालात ऐसे हैं कि बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान यामीन ने कहा कि यहां गांव से भी बदतर हालात हैं। हनीफ ने कहा कि कागजों में हमारा इलाका स्मार्ट सिटी में आता है, लेकिन यहां न डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने कोई आता है, न सफाईकर्मी दिखाई देते हैं। साहिल ने बताया कि रात में हालात और खतरनाक हो जाते हैं, पानी से भरे गड्ढे दिखते नहीं, कई बाइक सवार गिर चुके हैं। कई लोगों के हाथ-पैर तक टूट चुके हैं। आकिल ने कहा कि मच्छरों के आतंक से बुखार और अन्य बीमारियां फैल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है। हनीफ, शमा, बब्बू अली, यामीन, शहजहां, जरीना, रईस आदि ने नगर आयुक्त से क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण और नाली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। उनका कहना है कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है और यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे व्यापक स्तर पर आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगे।



नगर आयुक्त से मिलने पहुंचे सकलैन नगर के लोग। ● अमृत विचार

- **लोगों ने नगर निगम पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन किया**

## गर्मी बढ़ते ही मंडी में मटर की आवक हुई कम

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में बढ़ती गर्मी के साथ ही मंडी में हरी मटर की आवक कम हो गई है। कुछ दिन पहले तक जहां मंडी में मटर की अच्छी आवक बनी हुई थी, वहीं अब खेतों में सीजन खत्म होने की ओर बढ़ने से खेप कम पहुंच रही है। इसका असर कीमतों पर साफ दिखाई दे रहा है।

मंडी के व्यापारियों के मुताबिक गर्मी शुरू होते ही मटर की फसल तेजी से खत्म होने लगती है। जिसके चलते आवक स्वाभाविक रूप से घट जाती है। वर्तमान में बाहर से आने वाली सप्लाई भी सीमित हो गई है। कम आवक के कारण थोक दामों में हल्की तेजी देखी जा रही है। आने वाले दिनों में कीमतें और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

**मिलेगी राहत** | रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता के बारे में दी जानकारी, स्पेशल ट्रेनें होली के पहले से लेकर बाद तक चलेंगी

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें, होली स्पेशल ट्रेनों में जगह है खाली

**कार्यालय संवाददाता बरेली**

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने होली पर्व पर यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए विभिन्न नगरों के लिए अनेक होली विशेष गाड़ियों का संचालन शुरू किया है। होली स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली हैं। रेलवे ने गुरुवार को खाली सीटों की जानकारी दी गई है।

इज्जतनगर रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लालकुआं से चलने वाली 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में 1 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 370 एवं शयनयान श्रेणी में 370 बर्थ, 08 मार्च, 2026 को शयनयान श्रेणी में 295 बर्थ और 15 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 14, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 14 एवं शयनयान श्रेणी में 464 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट विशेष गाड़ी में 05 मार्च, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 78, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 249 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 61 बर्थ, 12 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 103, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 329 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 104 बर्थ तथा 19 मार्च, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 104, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 354, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 129 एवं शयनयान श्रेणी में 207 बर्थ उपलब्ध हैं। बढ़नी से चलने वाली 05005 बढ़नी-अमृतसर विशेष गाड़ी में 04 मार्च, 2026 को शयनयान श्रेणी में 566 बर्थ, 11 मार्च को शयनयान श्रेणी में 523 बर्थ तथा 18 मार्च को शयनयान श्रेणी में 578 बर्थ उपलब्ध हैं। गोमती नगर से चलने वाली 05023 गोमती नगर-खातीपुरा विशेष गाड़ी में 03 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 84 एवं शयनयान श्रेणी में 579 बर्थ तथा 10 मार्च, को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 29, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 75 बर्थ उपलब्ध हैं।



जंक्शन पर अवध असम एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

### तीन और होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा

रेलवे प्रशासन ने आगामी होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 04025/04026 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 27 फरवरी से 02 मार्च तक गाड़ी नंबर 04664- 04663 अमृतसर पटना एक्सप्रेस, गाड़ी नंबर 040 26 -04025 का संचालन किया जाएगा यह गाड़ी बरेली होकर गुजरेगी। देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस का सप्ताह में तीन दिन संचालन शुरू किया गया है। गाड़ी नंबर 15020 टनकपुर से 26 फरवरी से मंगलवार, शनिवार और गुरुवार को चलेगी जबकि गाड़ी नंबर 15019 देहरादून से 27 फरवरी से बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया यह गाड़ी भोजीपुरा, बरेली सिटी और बरेली जंक्शन होकर गुजरेगी।

## सिटी ब्रीफ

### ठग ने बहाने से खाते में डलवाए 27 हजार रुपये, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला को झांसे में लेकर ठग ने अपने खाते में 27 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। कोतवाली पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कटरा मानराय निवासी ईश्वर पुरोहित ने बताया कि 31 जनवरी को उनकी पत्नी रिंकू कुमारी पुरोहित को एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने पत्नी से कहा कि आपके पति ने आपके खाते में रुपये डलवाए हैं। उसके बाद उनके मोबाइल पर भी पैसे डालने का मैसेज आया। उसके बाद कॉल करने वाले ने फिर से कॉल करके कहा कि यह पैसे मैं आपको एक नंबर बता रहा हूं, उस पर ट्रांसफर कर देना। अज्ञात युवक की बातों पर विश्वास करके पत्नी ने एक बार में 10 हजार और दूसरी बार में 17 हजार रुपये बताए गए नंबर पर डाल दिए। उसके बाद उसे कॉल की तो नंबर बंद जाने लगा। ठगी का अहसास होने पर कोतवाली पुलिस से शिकायत की।

### दादा की बरसी में गए युवक को दबंगों ने पीटा, सात पर रिपोर्ट

**कैंट/बरेली, अमृत विचार :** अपने दादा की बरसी में गए युवक को दबंगों ने लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। तमंचे की बट से प्रहार किया। जिससे युवक को सुनाई देना बंद हो गया। दबंगों ने युवक की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने कैंट थाने में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सीबीगंज क्षेत्र के परसाखेड़ा निवासी सद्दाम हुसैन ने बताया, कि वह बुधवार को थाना कैंट के गांव उमरिया स्थित अपने दादा की बरसी में चाचा एनउद्दीन के घर गया था। रात उसके भाई के ससुराल वाले अनीसुद्दीन, नसीमुद्दीन, सैफुद्दीन, अदनान, जफर, नईमुद्दीन, नाहिद निवासीगण सैलानी थाना बारादरी ने उसे डंडे से पीटा और तमंचे की बट से हमला किया। इससे युवक को सुनाई देना बंद हो गया। पीड़ित ने कैंट थाने में उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

## शाही क्षेत्र में लाखों रुपये की चोरी करने के बाद से चल रहे थे फरार, आरोपियों से तीन लाख रुपये नकद, असलाह और बाइक भी बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** घर में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। इसमें से एक बदमाश को पैर में गोली लगी। पुलिस ने इनके पास से तीन लाख से ज्यादा की नकदी और अवैध हथियार बरामद किए। वहीं गोली लगने से घायल हुए बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने चोरों से सोने के जेवर खरीदकर गलाने वाले सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

शाही थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजमनगर स्थित चांद बाबू के घर चोरों ने 5 फरवरी की रात नकबजनी की घटना को अंजाम दिया था।



मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश। ● अमृत विचार

अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और करीब 28 हजार की नकदी चोरी कर ली थी। शाही थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही थी। पुलिस को बुधवार की रात सूचना मिली की चोरी की घटना में शामिल इमरान अपने साथी के साथ चोरी के जेवरात बेचकर मिली नकदी लेकर बाइक से दिल्ली जाने की फिराक में है। बीएसएनएल चौराहे के पास इनकी घेराबंदी की गई। संदिग्ध मोटर साइकिल को रोकने का संकेत देने पर चोर भागने लगे और पीछा करने पर शाही-मिर्जापुर रोड पर श्मशान के पास कच्चे रास्ते में मोटर साइकिल फिसलकर गिर गई। दोनों चोरों ने भागने के दौरान पुलिस ने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में इमरान के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने इमरान निवासी आजमनगर थाना शाही और तौफीक निवासी ग्राम बसई थाना शाही को गिरफ्तार किया।

- चोरों से जेवर खरीदने वाले सुनार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया
- मुठभेड़ में घायल बदमाश का जिला अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

### चोरों के जेब से मिलीं नोटों की गड्डियां

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के अनुसार आरोपी सोने के जेवर बेचकर मिले तीन लाख रुपये लेकर दिल्ली जाने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया तो उनकी जेब से नोटों की गड्डियां बरामद हुईं। इसके अलावा अवैध असलाह एवं बाइक भी आरोपियों के पास से बरामद हुई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में शाही प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला, एसआई प्रवीण कुमार शर्मा, देवेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल कुंवरपाल, प्रेमचन्द सागर, माजिद खान समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

> शाही क्षेत्र में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। आरोपियों से सोना खरीदने वाले सुनार अमन को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों से तीन लाख रुपये कैश बरामद हुआ है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।
>
> **अंशिका वर्मा,** पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

### दिन में रेकी करने के बाद बुर्का पहनकर करते थे चोरी

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा के अनुसार पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह पहले दिन में रेकी करते थे। इसके बाद रात में बुर्का व मास्क पहनकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। सोने-चांदी के जेवरात को कस्बा शाही के सुनारों को बेच दिया गया था। जिन्होंने जेवरात गलाकर सोने-चांदी की टिक्कियां बना लीं। इसके बाद पुलिस ने सुनार अमन को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# अंतर्राज्यीय गैंग के चार सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चोरी के मोबाइल से साइबर ठगी करने वाले चार सदस्यों को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार करके बड़ा खुलासा किया है। आरोपी पश्चिम बंगाल और झारखंड के निवासी हैं।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध मनीष सोनकर ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि साइबर पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस ठगी के मामले की विवेचना कर रही थी, जिसमें सामने आया कि ठगी करने के लिए चोरी के मोबाइल से कॉल की गई थी।

पुलिस ने लोकेशन के आधार पर बरेली जंक्शन के पास से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में झारखंड के साहिबगंज का सागर कुमार, सुमित कुमार और ऋषि कुमार समीर पश्चिम बंगाल का आकाश शामिल हैं। साइबर ठगों के पास से चोरी के 45 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। इनकी कीमत करीब 15 लख रुपये है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मोबाइल अलग-अलग इलाकों से चोरी किए थे। पुलिस मोबाइल फोन बरामद करके अन्य जानकारी जुटा रही है।



हिरासत में आरोपी और जानकारी देते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

- चोरी के मोबाइल से करते थे साइबर ठगी, झारखंड और पश्चिम बंगाल के हैं आरोपी

### भीड़भाड़ वाले जगह से चोरी करते थे आरोपी

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग भीड़भाड़ वाली जगह से मोबाइल फोन चोरी करते थे, इसके बाद मोबाइल से लिंक बैंक खातों से रुपये ओटीपी के जरिये निकाल लेते थे। रुपये निकालने के बाद मोबाइल फोन को अन्य साइबर ठगों को बेच देते थे। मोबाइल चोरी करने के बाद सबसे पहले वह उसकी सिम निकालते थे और उसे दूसरे फोन में डालकर सिम पोर्ट करने को लेकर ओटीपी प्राप्त करते थे। पोर्ट की रिक्वेस्ट पूरी होने के बाद उसे सिम से संबंधित व्यक्ति की यूपीआई आईडी को ओटीपी के जरिये एक्टिव करने के बाद उसका पूरा खाता खाली कर देते थे। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि लंबे समय से उन्होंने बरेली शहर में ही अपना डेरा डाला हुआ था। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज कर उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश शुरू कर दी है।

# शिकंजा : कन्हैया गुलाटी पर 3.64 लाख की ठगी में एक और रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैनविज कंपनी के मालिक पर लगातार धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पिछले दिनों एसएसपी अनुराग आर्य ने उसकी हिस्ट्रीशीट खोली थी। कन्हैया गुलाटी पर अब तक करीब 50 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बाहर है। एसएसपी के आदेश पर किला थाने में कन्हैया गुलाटी के खिलाफ 3.64 लाख रुपये की ठगी के आरोप में एक और रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

किला थाना क्षेत्र के जकाती मोहल्ले के रहने वाली अंजना उपाध्याय ने बताया कि उसने कैनविज कंपनी में उसके मालिक कन्हैया गुलाटी के कहने पर 3 लाख 64 हजार रुपये का निवेश किया था। इसमें उसे छह चेक मिले थे, लेकिन कन्हैया गुलाटी ने सभी चेक वापस लेकर 1 लाख 82 हजार रुपये का एक चेक दिया था। बाकी के पैसे देने के लिए वह टालमटोल करने लगा। महिला ने बताया कि कैनविज कंपनी के मालिक कन्हैया गुलाटी ने उससे 3 लाख 64 हजार रुपये की ठगी कर ली। उसके बाद कन्हैया गुलाटी भूमिगत हो गया। आरोप है कि वह अब वहाटस्प पर कॉल करके जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला ने किला थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

- एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

### जमीन के सौदे के नाम 10 लाख रुपये हड़पे

**बरेली, अमृत विचार :** जमीन के सौदे के नाम पर दो भाइयों ने 10 लाख रुपये हड़प लिए। न तो जमीन का बैनामा कराया और न ही रुपये वापस किए। मामले में एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के सेंट्रल स्टेट कॉलोनी निवासी रितिम अग्रवाल ने बताया कि मई 2025 के प्रथम सप्ताह में अजय प्रताप सिंह और राज प्रताप सिंह निवासी ग्राम रिछा तहसील फरीदपुर थाना भुता से छह बीघा जमीन का सौदा 7 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से तय हुआ था। जमीन का सौदा उनके परिचित विपिन कुमार शर्मा निवासी जोगी नवादा के माध्यम से हुआ। अजय और राज प्रताप सिंह ने उनसे 5-5 लाख रुपये ब्याने के तौर पर मांगे। जिससे जमीन पर लिए गए लोन भरने के बाद उसका बैनामा हो सके। 3 जून 2025 को उन्होंने 5-5 लाख रुपये को दो चेक उन्हें दे दिए। लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी दोनों भाइयों ने जमीन पर लिए गए लोन का भुगतान नहीं किया। पैसे देने के बाद वह टालमटोल करने लगे। जमीन का बैनामा भी नहीं कराया।

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार निकट सैटेलाइट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

# नाबालिग संग दुष्कर्म में दोषी को सात वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नाबालिग लड़की (15) को 9 वर्ष पूर्व बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना कैंट क्षेत्र निवासी फैसल को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हेमेंद्र कुमार सिंह ने सश्रम 7 वर्ष कारावास व 32 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने का 75 प्रतिशत भाग पीड़िता को बतौर मुआवजा दिया जायेगा।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कैंट में तहरीर देकर बताया था कि 26 जून 2017 को करीब 1 बजे दिन में पुत्री जनरल स्टोर पर कुछ सामान लेने गयी थी। उसकी पुत्री को गांव के फैसल, इकरार, मोहम्मद नवी, इस्लाम, इरशाद व सुराज बहला फुसलाकर ले गये हैं। यह बात उसे गांव के कुछ लोगों ने बतायी है। पुलिस ने बहला फुसलाकर ले जाने, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत केवल फैसल के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। पीड़िता ने बयान में बताया कि 26 जून 2017 को इरशाद के जनरल स्टोर पर घर का सामान लेने गयी थी। वहां फैसल ने मुझसे कहा कि तुम्हारे पापा का एक्सीडेंट हो गया है। उसकी बात पर भरोसा कर चार पहिया गाड़ी में बैठ गयी। मुझे किसी अनजान जगह पर ले गया। वहां फैसल ने मुझे एक कमरे में बंद कर कई बार दुष्कर्म किया। शोर मचाने की कोशिश की तो मुंह कपड़े से बांध दिया, करीब एक सप्ताह बाद थाने के बाहर छोड़ गये थे।

### छेड़छाड के दोषी को 3 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** नाबालिग लड़की (14) संग घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर मारपीट के आरोपी थाना शाही क्षेत्र निवासी शानू को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या-2 नरेन्द्र प्रकाश ने तीन वर्ष कठोर कारावास व 15 हजार 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सरकारी वकील कुलदीप श्रोतिया ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना शाही में तहरीर देकर बताया था कि 16 मई 2019 की रात करीब 11.30 बजे शानू घर में घुस आया। आंगन में सो रही मेरी लड़की को पकड़कर दबोच लिया व उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा।

# कार्रवाई : हनुमान दल के नेता के हत्यारोपियों पर लगा गैंगस्टर


शेखर।


राजा।


निशांत सोनकर।


समीर।


अनस।


चंदन।


अजय।


नैतिक सोनकर।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हनुमान दल के नेता की टशनबाजी में गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ बारादरी पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंगस्टर की कार्रवाई करने के बाद पुलिस अब आरोपियों की संपत्ति चिन्हित करके उसे जब्त करेगी।

गौरतलब है कि बारादरी थाना क्षेत्र में विशारतगंज के वार्ड सात निवासी और हनुमान दल के जिला उपाध्यक्ष गौरव गोस्वामी की 11 सितंबर की टशनबाजी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस निर्मम वारदात के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया था। मृतक के पिता छोटे लाल की तहरीर पर पुलिस ने निशांत उर्फ बिहारी समेत आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर निशांत को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से आला-ए-कत्ल तमंचा भी बरामद किया था। बारादरी पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

पुलिस ने घटना में शामिल रहे 8 आरोपियों का गैंग पंजीकृत किया गया है। उनके खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें गैंग डी 275/25 का लीडर निशांत सोनकर को बताया गया है, जबकि गैंग में चंदन मौर्य, अजय यादव, राजा उर्फ कपिल, समीर, शेखर, नैतिक सोनकर, अनस उर्फ मुलायम शामिल हैं। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब बदमाशों की अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति की जांच करके उसे जब्त करेगी।

### आजादी की लड़ाई संग लड़े, अब कह रहे आतंकवादी : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि जिन लोगों ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी, आज उन्हीं को आतंकवादी



कहा जा रहा है। यह अफसोसनाक है। मौलाना रजवी ने कहा कि संवैधानिक पदों पर बैठे जिम्मेदारों को किसी भी समुदाय को निशाना नहीं बनाना चाहिए और न ही भड़काऊ बयान देना चाहिए।

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, महाराष्ट्र के मंत्री नीतीश राणे और उत्तर प्रदेश के मंत्री रविंद्र जायसवाल के बयानों पर गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत को आजाद कराने में मदरसों से संबंधित उलमा और छात्रों की अहम भूमिका रही थी। यही वो लोग हैं जिन्होंने इंकलाब जिंदाबाद के नारे के साथ जंग-ए-आजादी में रूह फूंकी। उन्होंने कहा कि इन्हीं उलमा ने अंग्रेजों के खिलाफ दिल्ली की जामा मस्जिद से फतवा जारी किया, जिससे आंदोलन में और जोश बढ़ा।

**सजगता** | जिले भर के कंट्रोल रूम स्थापित करके विभाग ने जारी किए नंबर, तैनात रहेंगी टीम

# होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग अलर्ट हो गया है। जिले भर में सभी तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। कंट्रोल रूम में अग्निशमन विभाग की टीमें तैनात रहेंगी जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने में मददगार होंगी।

होली का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाएगा, जबकि 3 मार्च की रात में होलिका दहन होगा। इसे लेकर अग्निशमन विभाग की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई हैं, विभाग की तरफ से अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि पिछले कई साल में होलिका दहन के समय दुर्घटनाएं घटी हैं, जिसमें जन्म सामान्य के जान माल और शारीरिक क्षति हुई है। होलिका दहन स्थल बिजली के तार टेलीफोन और दूरसंचार के तारों के नीचे किसी भी हालत में नहीं होना चाहिए। होलिका दहन की न्यूनतम दूरी तार और अन्य चीजों से 15 मीटर से काम नहीं होनी चाहिए, होलिका दहन स्थल किसी भी हाई राइज भवन के पास स्थापित न किया जाए, होलिका दहन स्थल मकान की छत पर भी नहीं करने के लिए कहा गया है, विभाग की तरफ से कहा गया है कि होलिका दहन स्थलों पर पानी और सूखा बालू रेत की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे किसी आपात स्थिति में इसका प्रयोग किया जा सके।

**राम बरात और होलिका दहन को लेकर बिजली विभाग भी अलर्ट :** होली से पहले शहर में निकलने वाली राम बरात और होली को लेकर बिजली विभाग भी अलर्ट है। विभाग के शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि राम बरात के रूट पर सर्वे कराकर सभी तारों को ठीक कराया जा रहा है। जो तार नीचे लटक रहे हैं उन्हें ऊपर कराकर बिजली के पोल ढके जा रहे हैं ट्रांसफार्मर को कवर किया जा रहा है। सभी एसडीओ को निर्देश दिए गए हैं कि होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करके यह देख लें कि होली का दहन बिजली के तारों के नीचे तो नहीं हो रहा है। तारों के नीचे होलिका दहन हो रहा है तो उसे हटवाकर सुरक्षित जगह पर होलिका दहन करवाया जाए।

### यह हेल्पलाइन नंबर किए गए जारी

विभाग की तरफ से आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं जिसमें लखनऊ आपात सेवा कंट्रोल रूम का नंबर 112 है, जिलाधिकारी कंट्रोल रूम का नंबर 0581-255 7147 है, इसी तरह सिटी पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9454403107 है। जिला पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 945441 7441 है। फायर कंट्रोल रूम सिविल लाइंस का नंबर 9454418503, 9454418502 है। फायर कंट्रोल रूम तहसील फरीदपुर का नंबर 9454418507 है। फायर कंट्रोल रूम तहसील आंवला का नंबर 7839861606, फायर कंट्रोल रूम तहसील नवाबगंज 9454418511 है। फायर कंट्रोल रूम बहेड़ी 9454418505, मीरगंज का 7839861605, फायर कंट्रोल रूम परसाखेड़ा का 9454418509, मुख्य अग्निशमन अधिकारी का मोबाइल नंबर 9454418340 पर सूचना दे सकते हैं।

- होलिका स्थापना के लिए गाइड लाइन जारी की, पानी और सूखी बालू का रखें इंतजाम

### शादी से लौट रहे युवक को कार से खींचकर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के हरहरपुर चौधरी निवासी रूकम सिंह ने बताया कि 19 फरवरी को उनका बेटा सुदर्शन और राजीव गांव से गई बरात में शामिल होने के लिए कार से बरेली के अशरफी बैंक्वेट हॉल गए थे। खाना खाकर वह वापस आ रहे थे। आरोप है कि तभी पीलीभीत रोड पर दो युवकों ने बाइक उनकी कार के आगे लगा दी। विरोध करने पर उसे गाड़ी से खींचकर पीटना शुरू कर दिया। राजीव ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इज्जतनगर पुलिस ने महेन्द्र पाल, विक्की उर्फ विकास और नितिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक हिंमाशु पांडेय ने बताया कि जिले में 2025-26 के लिए नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल सीड्स) योजना के तहत ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट (10 टन क्षमता), मिनी ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट और तिरपाल की ऑनलाइन बुकिंग विभागीय पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर शुरू कर दी गई है। ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट व मिनी यूनिट की बुकिंग 10 मार्च और तिरपाल की बुकिंग 15 मार्च की रात 12 बजे तक की जाएगी। तिरपाल बुकिंग निशुल्क टोकन मनी और पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी, जबकि ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की बुकिंग जनपदवार टोकन मनी पांच हजार रुपये एवं ई-लॉटरी के माध्यम से होगी।

### आयकर भवन में हिंदी कार्यशाला आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** आयकर भवन में गुरुवार को एक दिवसीय संयुक्त हिंदी कार्यशाला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न कार्यालयों से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयकर अधिकारी मुख्यालय राजीव मिश्र ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक राजभाषा से सेवानिवृत्त राजेंद्र कुमार गौर ने कार्यालय में राजभाषा नीतियों का क्रियान्वयन, केन्द्रीय विद्यालय जेआरसी कैंट से डॉ. मिथिलेश, राकेश ने कार्यालयी टिप्पणियां और वाक्यांश प्रयोग की जानकारी दी। वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी राहुल शुक्ला आदि मौजूद रहे। राधे श्याम, प्रधान आयकर आयुक्त बरेली के निर्देशन में यह आयोजन हुआ।

### मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना : 227 लाभार्थियों को मिली धनराशि

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिले में 227 लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025- 26 के द्वितीय समय का सत्यापन के बाद भुगतान किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) योजना के तहत 4000 प्रतिमाह की दर से लाभार्थियों को 06 माह (छमाही किस्त) पर धनराशि दिए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 2500 प्रतिमाह की दर से लाभार्थियों को 3 माह पर (त्रैमासिक किस्त) दिए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत 227 लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वितीय छमाही का सत्यापन के बाद भुगतान किया गया। योजना में कक्षा- 9 वीं से ऊपर की कक्षा में अध्यनरत छात्र/छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए। वित्तीय वर्ष 2025-26 तृतीय त्रैमास तक समस्त लाभार्थियों का सत्यापन कराए जाने की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है।

### आरोग्य उत्सव में बरेली से भी पहुंचे लोग

**बरेली, अमृत विचार :** युवा, लघु और मध्यम उद्यम-बाल्य भारत सरकार व स्किल्ड आयुष परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 21 से 23 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम प्रगति मैदान में 'आरोग्य उत्सव एवं महोत्सव 2026' का आयोजन हुआ। इस महोत्सव में देशभर के आयुष विशेषज्ञों और उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बरेली के विभिन्न संस्थानों एवं उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी रही। आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और हेल्दी फूड प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बाल कृष्ण और डॉ. विश्वरंजन ने भी विचार रखे।

# 'लापता' चल रहे 43 डॉक्टरों की समाप्त करें सेवाएं

## कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा - एक बार बुलाने पर सेवाएं देने न आएं तो बाहर का रास्ता दिखाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली मंडल में 43 सरकारी डॉक्टर लंबी अवधि से अनुपस्थित चल रहे हैं। इस वजह से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। सबसे ज्यादा 20 डॉक्टर बरेली में अनुपस्थित हैं। कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने गुरुवार को मंडलीय समीक्षा बैठक में चारों जिलों के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन डॉक्टरों से संपर्क करें और इनके बारे में सूचना प्रसारित कराएं, फिर भी ये डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं आते हैं तो इन्हें सेवा से मुक्त करने की कार्रवाई करें ताकि शासन को पदों के सापेक्ष रिक्त पदों की सूचना भेजी जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने समीक्षा बैठक में कमिश्नर को जानकारी दी कि बरेली में 20, बदायूं और पीलीभीत में 9-9 व शाहजहांपुर में 5 डॉक्टर लंबी अवधि से अनुपस्थित चल रहे हैं।

कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में किए गए व्यय की जानकारी लेने के बाद संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गए कि व्यय धनराशि से हुए कार्यों की समीक्षा जिला स्वास्थ्य समिति में करें। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान संयुक्त कृषि निदेशक ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत निर्देश दिये कि कोई भी जनपद स्टेट एवरेज से कम न रहे। पीएम कुसुम योजना की समीक्षा में पाया कि बरेली में शत-प्रतिशत कार्यक्रम पूरा हो चुका है। कमिश्नर ने 28 फरवरी तक अन्य तीनों जनपदों को शत-प्रतिशत कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा रोजगार अभियान में बरेली और शाहजहांपुर के टॉप टेन में होने पर अन्य जिलों को भी गति लाने के निर्देश दिये।

आईजीआरएस की समीक्षा में बताया कि तीन बिंदुओं पर सी ग्रेड मिला जो आबकारी और स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन से जुड़ा है। प्रदूषण संबंधी शिकायतों में प्रदूषण बोर्ड, नगर निगम और बीडीए को संयुक्त रूप से कार्रवाई कर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएम बरेली अविनाश सिंह, डीएम बदायूं अवनीश राय, डीएम शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, सीडीओ देवयानी आदि अफसर मौजूद रहे।



विकास भवन के सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक करते कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी। ● अमृत विचार

### बैनामों की जांच कराने के निर्देश

कमिश्नर ने स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को बैनामों की जांच कराने के भी निर्देश दिये। राजस्व वसूली की समीक्षा में परिवहन विभाग ने बताया कि बदायूं जनपद स्टेट एवरेज से नीचे है, वसूली में बरेली को छोड़कर शेष में शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। विद्युत विभाग को मुख्य देय/विविध देय में गति लाने के निर्देश दिये।

### लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश, डीएम करें समीक्षा

राजस्व वादों में पांच वर्ष से ज्यादा अवधि वाले व तीन से पांच वर्ष के लंबित वादों का निस्तारण कराने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने समस्त तहसीलों में कोर्ट नियमित चलने के संबंध में जानकारी लेकर निर्देश दिये कि कोई समस्या आने पर जिलाधिकारी के संज्ञान में लाएं। साथ ही रीयल टाइम खतौनी, चकबंदी, ई. ऑफिस, रेरा की आरसी वसूली की भी समीक्षा की।

## निशान यात्रा का श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

**आंवला/बरेली, अमृत विचार :** मनोना धाम में बुधवार को भव्य निशान यात्रा का आयोजन महंत ओमेंद्र महाराज के सानिध्य में श्रद्धा व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम जी मित्र मंडल, मनोना धाम के तत्वावधान में किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्तों ने सहभागिता की।

यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मनोना धाम पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा व गुलाल के साथ होली खेलते हुए पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। मनोना धाम में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। दीपक, राहुल सिंह चौहान, अंकित गोस्वामी, प्रशांत गुप्ता, संजीत चौहान, सचिन गुप्ता, शोभित चौहान, योगेंद्र चौहान, ओमवीर सिंह आदि का सहयोग रहा।

## वेतन रुकने पर पीडब्ल्यूडी कर्मियों का धरना-प्रदर्शन


प्रदर्शन करते लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जनवरी का वेतन जारी करने के आदेश के बाद धरना किया समाप्त
- मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज नहीं करने का मामला

**अमृत विचार:** मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज न होने के कारण वेतन रोके जाने से नाराज लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन गुरुवार को शासन के आदेश के बाद समाप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के क्षेत्रीय महामंत्री अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में गुरुवार को पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। आरोप था कि संपत्ति का ब्योरा अपलोड न होने के कारण जनवरी माह का वेतन रोक दिया गया है। फरवरी का वेतन भी प्रभावित होने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने संपत्ति विवरण अपलोड करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग उठाई। विकास सक्सेना ने कहा कि तमाम कर्मियों की एसआईआर में ड्यूटी लगी है। इसमें व्यस्तता होने की वजह से कई कर्मचारी समय पर विवरण दर्ज नहीं कर सके। होली नजदीक है, ऐसे में कर्मचारियों का वेतन रुकने से उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

प्रदीप सक्सेना, सर्वेश सिंह, अजय गुप्ता, जितेंद्र पाठक, विशाल आदि ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता तो आंदोलन और तेज होगा। दोपहर बाद शासन स्तर से आदेश जारी होने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। जारी आदेश में कहा गया कि जनवरी माह का वेतन अविलंब जारी किया जाए। इसके बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी।

## खोया एवं पनीर प्रथमदृष्टया दूषित मिलने पर नष्ट करें : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- होटल एवं रेस्टोरेंट, मिष्ठान विक्रेता व दूध की डेयरियों की नियमित जांच के निर्देश
- होली के मद्देनजर डीएम ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि होली त्योहार को देखते हुए विशेष तौर पर खोया एवं पनीर विक्रेताओं पर छापामार कार्रवाई करें। प्रथमदृष्टया संदिग्ध एवं दूषित पाये जाने पर तत्काल नष्ट कराएं, जिससे आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जा सके।

जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में स्थित होटल एवं रेस्टोरेंट का नियमित निरीक्षण करें। इन प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित कराएं। नियमित रूप से मिष्ठान विक्रेता एवं दूध की डेयरियों की भी जांच कराएं। गर्मी के मौसम के देखते हुए बिकने वाली पानी की बोतल एवं कोल्ड ड्रिंक्स पर विशेष निगरानी रखें। ब्रांड की आड़ में नकली या मिलावटी कोल्ड ड्रिंक की बिक्री व निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करें। साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान व्यवहार संयमित रखें और किसी व्यापारी का उत्पीड़न न किया जाए।


बैठक में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने कार्रवाई का विवरण पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। औषधि निरीक्षक अनामिका अंकुर जैन ने औषधि अनुभाग की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सजग रहते हुए प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए।


कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यों की समीक्षा करते डीएम।

### मिलावट के शक में सरसों तेल व रंगीन कचरी जब्त

**बरेली, अमृत विचार :** कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी के निर्देश पर गुरुवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गयी। इस दौरान खाद्य पदार्थों के 12 नमूने भरे गए। मिलावट के शक में 306 लीटर सरसों का तेल और 348 किलो रंगीन कचरी सीज की गयी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के अनुसार चाडपुर से सरसों का तेल एवं नमकीन का एक-एक नमूना और 306 किलोग्राम सरसों का तेल जब्त कर सीज किया। चौधरी तालाब से मिश्रित दूध, जगतपुर चौराहा से डेयरी से मिश्रित दूध व दही, किराना स्टोर बरोर से बेसन, श्यामगंज से रंगीन कचरी के दो नमूने भरे और 219 किलोग्राम रंगीन कचरी सीज की गई। श्यामगंज में ही एक अन्य प्रतिष्ठान से रंगीन कचरी के दो नमूने भरे और 129 किलो रंगीन कचरी जब्त की। इसके अलावा ग्लोरी टी एवं चाय पत्ती का एक-एक नमूना भरा। सभी नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक को भेजे गए हैं।

## होली पर विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, रंग खेलने के समय निर्बाध मिले


अफसरों के साथ बैठक करते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंत्री धर्मपाल सिंह ने सर्किट हाउस में डीएम और एसएसपी के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार दोपहर सर्किट हाउस में होली के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्या के साथ बैठक की।

निर्देश दिए कि होली पर विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, रंग खेलने के समय निर्बाध रूप से आपूर्ति जनपद वासियों को मिलती रहे। पूर्ति विभाग से मिलने वाला राशन वितरण नियमित रूप से कराने के भी निर्देश दिए। कहा कि अग्निशमन विभाग की फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की उपलब्धता तहसील स्तर पर भी बनाए रखें। विपरीत स्थिति से निपटने के लिए तैयारी रखने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है।

## कार्रवाई : नगर निगम ने कन्स्ट्रक्शन कंपनी पर ठोंका 2.18 लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मिट्टी की जगह कचरा और नाली की सिल्ट से सड़क भराव करने का हुआ खुलासा
- निगम की छवि धूमिल होने पर डेढ़ लाख की अतिरिक्त क्षतिपूर्ति भी आरोपित की

**अमृत विचार :** वार्ड 73 के बिधौलिया मोहल्ले में नाली व सीसी सड़क निर्माण कार्य में घोटाला उजागर हुआ है। नगर निगम ने फर्म मैसर्स स्वदेशी कन्स्ट्रक्शन कंपनी पर 2.18 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फर्म से कार्यस्थल से अधोमानक सामग्री हटाने में खर्च हुए 68,584 रुपये की वसूली भी होगी। इसके अलावा निगम की छवि धूमिल होने पर डेढ़ लाख की अतिरिक्त क्षतिपूर्ति भी फर्म पर स्थायी रूप से आरोपित की गई है। यह कार्रवाई निरीक्षण में फर्म की ओर से मानकों के विपरीत कूड़ा और नाली की सिल्ट का उपयोग करके मिट्टी भरान करने की पुष्टि पर हुई है। नगर निगम ने पिछले साल जुलाई माह में फर्म को 21.79 लाख रुपये की लागत से जावेद से नवी अहमद, अनीस से अजमईन चाचा, यासीन खां से कुतुबुद्दीन और बन्ने के मकान से बाबू खां के प्लॉट तक निर्माण कार्य का ठेका दिया गया था। शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि 1.20 मीटर गहराई तक मिट्टी भरान होना था, लेकिन, वहां मिट्टी की जगह कूड़ा, गंदगी और नाली की सिल्ट का उपयोग किया गया। कुल 78 मीटर लंबी सड़क के इस हिस्से में तकनीकी मानकों की अनदेखी ने निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

स्थानीय लोगों और क्षेत्रीय पार्षद ने इसे जनता के पैसे से खुला खिलवाड़ बताया था। हद तब हो गई जब अधिकारियों के निर्देश पर भी ठेकेदार ने अधोमानक सामग्री हटाने के बजाय उस पर मिट्टी डालकर मामले को दबाने की कोशिश की। बाद में निगम की टीम को अपने संसाधनों से कूड़ा हटवाकर जब्त करना पड़ा। इस पर 68,584 रुपये खर्च हुए। एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने बताया कि कुल 2,18,584 का जुर्माना फर्म से वसूला जाएगा। घटिया निर्माण और मनमानी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने स्थापना दिवस मनाया


कार्यक्रम में मौजूद परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 60 वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया। इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले वरिष्ठ नेताओं अरविंद कुमार शर्मा, राधा रमण मिश्रा और पुष्कर मिश्रा को सम्मानित किया।

अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने की। मुख्य अतिथि संरक्षक डॉ. डी एन शर्मा, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष तापस मिश्रा रहे। डॉ. डी एन शर्मा और अरविंद कुमार शर्मा ने परिषद के इतिहास और उसकी उपलब्धियों के बारे में बताया। राधा रमण मिश्रा और सुनील कुमार जैन ने भी विचार रखे। अशोक कुमार, सर्वेश शर्मा, विमल कुमार वशिष्ठ, डॉ. अंचल अहेरी, दीनदयाल रस्तोगी, जगपाल सिंह भाटी, राजीव कुमार शर्मा, संतोष पांडे, प्रवेश पांडे, डॉ. संजय शर्मा आदि को सम्मानित किया गया।




जनगणना

दो चरणों में करायी जाने वाली जनगणना के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए मानदेय राशि निर्धारित की गयी

# आईएएस को 60 और पीसीएस अफसरों को 45 हजार मानदेय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जनगणना लिपिक सहित अन्य कर्मचारियों के लिए तय किया गया 30 हजार रुपये मानदेय

**अमृत विचार:** दो चरणों में जनगणना कराने वाले कमिश्नर, डीएम, नगर आयुक्त, एडीएम सहित अन्य अफसरों और कर्मचारियों का मानदेय निर्धारित कर दिया है। आईएएस स्तर के अधिकारियों को 60 हजार तो पीसीएस सहित अन्य अफसरों को 45 हजार और जनगणना लिपिक सहित अन्य कर्मचारियों को 30 हजार रुपये मानदेय निर्धारित किया है। जिला एवं चार्ज स्तर पर जनगणना अधिकारियों की सहायता के लिए तकनीकी सहायक और मल्टी टास्किंग स्टाफ की तैनाती होगी। जनगणना में आउटसोर्सिंग से भी कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। जनगणना कार्य कुल 18 माह चलेगा। इसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मौका दिया जाएगा।

डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कराने से पहले बैंक में खोता खोलने की प्रकिया शुरू हो गयी है। डीएम बरेली के नाम से खाता खोला जाएगा, उसी खाते से धनराशि व्यय की जाएगी। प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव ने डीएम को जारी किए पत्र में बताया है कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के लिए 25-25 हजार रुपये मानदेय राशि मिलेगी। इन्हें निर्देश दिए हैं कि आंकड़ों का संकलन करने और जनगणना में जुड़े दूसरे कार्यों के लिए स्वयं के मोबाइल डिवाइस का प्रयोग करेंगे, आवंटित किए गए मकान सूचीकरण ब्लॉक, गणना ब्लॉक में आने-जाने के लिए अलग से टीए-डीए देय नहीं है। मंडलायुक्त/मंडल जनगणना अधिकारी, जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी और नगर आयुक्त/अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी को मकान सूचीकरण का 25-25 हजार और जनसंख्या गणना का 35-35 हजार यानि 60-60 हजार रुपये मानदेय राशि मिलेगी। जिला स्तरीय आठ पदाधिकारियों में एडीएम एफआर/जिला जनगणना अधिकारी, अपर जिला गणना अधिकारी बनाए गए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और जिलाधिकारी स्तर से नामित किए गए तीन अधिकारी-कर्मचारी को मकान सूचीकरण के 20-20 हजार, मकानों की गणना के 25-25 हजार कुल 45-45 हजार रुपये की राशि मिलेगी।

### जिला प्रशासन के लिए ये तकनीकी सहायता मिलेगी

सामान्य प्रशासन अनुभाग के प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव ने जारी किए पत्र में बताया है कि जिला प्रशासन को तकनीकी सहायता मिलेगी। जनगणना अधिकारियों की सहायता के लिए जिला और चार्ज स्तर पर तकनीकी सहायक और कार्यालय में सहायता के लिए जिला स्तर पर मल्टी टास्किंग स्टाफ दिए जाएंगे। तकनीकी सहायकों और मल्टी टास्किंग स्टाफ को अधिकतम 18 महीनों की अवधि के लिए आउटसोर्स पर रखा जाएगा।

### तकनीकी सहायक और एमटीएस को 25 हजार रुपये मानदेय मिलेगा

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त ने अपने आदेश में व्यवस्था दी है। तकनीकी सहायक के लिए अधिकतम मासिक पारिश्रमिक 25 हजार रुपये प्रति माह और एमटीएस के लिए 18 हजार रुपये प्रति माह होगा। कोई अन्य वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी। नियुक्ति पूरी तरह से अल्पकालिक संविदा के आधार पर होगी। तकनीकी सहायक एवं एमटीएस को केवल आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से रखा जाएगा। सीधी भर्ती से नियुक्ति नहीं होगी।

## सिटी ब्रीफ

### राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने बढ़ाई प्रवेश तिथि

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने सत्र- 2026 के लिए प्रवेश तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 25 फरवरी से तिथि बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है। वहीं, जुलाई-2025 सत्र के द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्र जो प्रवेश से वंचित रह गए थे, वे अतिरिक्त विलम्ब शुल्क 1000 रुपए के साथ प्रवेश ले सकते हैं।

### स्वयंसेविकाओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे

**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय कार्यक्रम के छठवें दिन स्वयं सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा पर रैली निकाली। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बालिका शिक्षा का महत्व बताया। खेल जगत फाउंडेशन के रतन गुप्ता ने स्वयं सेविकाओं को सूर्य नमस्कार और आत्मरक्षा की तकनीक सिखाई। प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने स्वयं सेविकाओं के प्रयासों की सराहना की।

### भारत अमेरिका संबंध पर विद्यार्थियों ने रखे विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के यूजी फोरम के तहत गुरुवार को समसामयिक राजनीति विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। विभाग प्रभारी प्रो. मनमीत कौर की अध्यक्षता में कार्यक्रम में समसामयिक राजनीति से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए। इसमें भारत अमेरिका संबंध, वर्तमान भारतीय विदेश नीति, टैरिफ विवाद, सीमा विवाद से जुड़े प्रश्न शामिल थे। विद्यार्थियों में पलक चौहान, अलीशा, मिलन उपाध्याय और सलोनी गंगवार का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। संचालन प्रो. वंदना शर्मा ने किया। डॉ. मिननी यादव, अंशु शर्मा, अर्जुन पाराशरी, रिबोली जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# स्टार नाइट : कैलाश खेर के बगड़-बम पर थिरके लोग

- गायिका असीस कौर ने बंदेया रे बंदेया सहित कई गीतों से समा बांधा
- राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 17 वें स्थापना दिवस पर मेधावियों का सम्मान
- ऊर्जा, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली


समारोह में प्रस्तुति देते पार्श्व गायक कैलाश खेर। इस दौरान उत्साहित दिखे छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


छात्रा को सम्मानित कैलाश खेर, साथ में चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल व अन्य।

**अमृत विचार :** राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तीन दिवसीय 17 वें स्थापना दिवस आह्वान के दूसरे दिन गुरुवार को आयोजित स्टार नाइट में युवाओं का उत्साह चरम पर रहा। मशहूर पार्श्व गायक कैलाश खेर ने जैसे ही मंच से बगड़-बम पर अपनी प्रस्तुति दी तो लोग झूम उठे। खचाखच भरे परिसर में ऊर्जा, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। देर रात तक छात्र-छात्राएं गीतों पर झूमते रहे।

पदम श्री से सम्मानित कैलाश खेर ने युवाओं को आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्म जागरण का माध्यम भी है। संस्थान की ओर से वर्षभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति और रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वोच्च रैंक प्राप्त छात्रों में डीएलएड से ज्योति मिश्रा 94 प्रतिशत, आईटीआई से देव कुमार 90 प्रतिशत, बीटेक से राधेश्याम 84 प्रतिशत, बीएससी गृहविज्ञान से उमरा शकील 83 प्रतिशत, पॉलीटेक्निक से प्रियांशु सिंह 74 प्रतिशत, बीएएलएलबी से अभय प्रताप सिंह 74 प्रतिशत, डीफार्म से मो. शोएब 73 प्रतिशत को छात्रवृत्तियां प्रदान की गयीं। मुख्य अतिथि एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुरूप करियर चुनने की प्रेरणा दी। चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को एनएबीएच से एक्रेडिटेशन प्राप्त हुआ है, जो संस्थान की गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने समूह को भविष्य में राजश्री विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रयास जारी रहने की बात कही। स्टार नाइट में गायिका असीस कौर ने बंदेया रे बंदेया सहित कई लोकप्रिय गीतों से समा बांधा।

सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, वाइस चेयर पर्सन डॉ. मोनिका अग्रवाल, प्रबंध निदेशक इं. रोहन बंसल, अभिनव स्वरूप, एकेडमिक एडवाइजर तूलिका अग्रवाल स्वरूप, उर्मिला अग्रवाल, सीओओ ऋषभ बंसल, ईशु अग्रवाल, पीयूष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को जल जीवन मिशन की हर घर नल, हर घर जल योजना के प्रभाव मूल्यांकन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को योजना के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों का वैज्ञानिक मूल्यांकन करने के लिए तैयार करना था।


परियोजना के समन्वयक प्रो. वीबीएस यादव ने कहा कि यह अध्ययन ग्रामीण जीवन में आए वास्तविक परिवर्तन को समझने का प्रयास है। मुख्य वक्ता प्रो. आशुतोष प्रिय ने प्रभाव मूल्यांकन की संपूर्ण प्रक्रिया को क्रमबद्ध और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। डॉ. अजय त्रिवेदी, मनीष विकास, डॉ. अफसाना, डॉ. निवेदिता त्रिवेदी, डॉ. रफान अली, डॉ. विश्वदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# अग्निवीर भर्ती रैली 11 से, 12 जिलों के अभ्यर्थी होंगे शामिल

## भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर सभागार में तैयारियों के संबंध में संयुक्त बैठक आयोजित
- अभ्यर्थियों से अफवाहों और दलालों से दूर रहने का सैन्य अधिकारियों का आग्रह



**अमृत विचार :** जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में 11 से 23 मार्च तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर सहित 12 जनपदों के अभ्यर्थी शामिल होंगे।

भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अंतर्गत होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर के सभागार में गुरुवार को तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इसमें हजारों नौजवानों के बरेली आने के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके मद्देनजर रणनीति बनायी गयी। एडीएम सिटी ने संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने और प्रत्येक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि अभ्यार्थियों की सुविधा के ध्यान में रखते हुए पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराएं। भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखें। परिवहन विभाग को यातायात सुचारु रखने और जाम की स्थिति से निपटने के लिए समुचित व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम को तैयार रहने के निर्देश दिए।

नगर विकास से संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सेना के अधिकारी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांतिपूर्ण माहौल से संपन्न कराई जाएगी। अभ्यार्थियों से समय पर पहुंचने, आवश्यक दस्तावेज साथ लाने और अफवाहों एवं दलालों से दूर रहने की अपील की गई हैं।

बैठक में सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक, पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष शिवम सहित जिला प्रशासन व सेना के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर चल रही तैयारियों का भी निरीक्षण किया। अग्निवीर भर्ती रैली में बरेली, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, फर्रुखाबाद और बदायूं के हजारों अभ्यार्थियों के शामिल होने की संभावना है।

### ये अग्निवीर भर्ती रैली का शेड्यूल

अग्निवीर भर्ती रैली के कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को अग्निवीर (टेक्निकल) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए और 12 मार्च को अग्निवीर (ट्रेड्समैन आठवीं एवं दसवीं) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए एवं अग्निवीर (क्लर्क/ एसकेटी) सभी 12 जिले के अभ्यर्थियों के लिए होगी। इसके साथ 13 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और लखीमपुर खीरी, 14 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) शाहजहांपुर और सीतापुर, 15 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) संभल और पीलीभीत, 16 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) हरदोई, 17 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) फर्रुखाबाद, 18 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बदायूं व 19 मार्च को अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) बरेली जिले के अभ्यर्थियों के लिए रैली आयोजित की जाएगी।

### अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर साथ रखें

सेना भर्ती के निदेशक ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि सभी अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर साथ रखें एवं सभी जरूरी कागजात अवश्य लेकर आएं। किसी कारणवश किसी भी अभ्यर्थी का उन्हें पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजा गया रैली एडमिट कार्ड यदि डाउनलोड नहीं हो रहा है तो वह सेना भर्ती कार्यालय बरेली में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच संपर्क कर सकता है।

# नवाचार और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने को प्रेरित किया



कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी और अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीआईयू में इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन कॉन्क्लेव आयोजित

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीएमआईआईएल की ओर से विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हसन खिमजी ने टीम को आगे बढ़ने की दिशा में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने अपने अनुभव और व्यावसायिक दृष्टिकोण से टीम को नवाचार, नेतृत्व तथा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उनके सुझावों ने न केवल टीम का मनोबल बढ़ाया बल्कि भविष्य की रणनीति को स्पष्ट दिशा भी दी।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की टीम बनाकर केस स्टडी गतिविधियां आयोजित की गईं तथा जागरूकता बढ़ाने के लिए क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी प्रतिनिधियों ने मिलकर विभिन्न नीतियों का निर्माण एवं रूपरेखा तैयार की, जिन्हें आगामी समय में प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान एमबीबीएस एवं आयुर्वेद कॉलेज के छात्रों को अवसर प्रदान किया गया कि वे अपने नवाचार संबंधी विचारों एवं परियोजनाओं को सभी के समक्ष प्रस्तुत करें। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार, सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्य, विभागाध्यक्ष तथा कैंपस कैटलिस्ट्स ने सक्रिय रूप से सहभागिता की।

# फूलों व लट्ठमार होली खेलकर मनाया फाग महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी ने किया आयोजन

**अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के तत्वावधान में गुरुवार शाम लल्ला मार्केट के सामने स्थित श्रीकृष्ण लीला स्थल पर होली फाग महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। वृंदावन की लट्ठमार होली का भव्य मंचन व फूलों की होली खेलकर अग्र समाज ने हर्षोल्लास से फाग महोत्सव मनाया।

मुख्य अतिथि महापौर डा. उमेश गौतम ने कहा कि होली सद्भावना का प्रतीक है, सभी एक दूसरे के प्रति अपना प्रेम रंगों के माध्यम से प्रदर्शित करते हैं। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने भी फोन कर शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने कहा कि अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन ने सदैव ही सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। मुख्य आकर्षण छप्पन भोग, माखन मिश्री भोग रहा। वृंदावन की लट्ठमार होली का मंचन कर कलाकारों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि फाग महोत्सव में राधा-कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मंचन हुआ। संरक्षक एडवोकेट अजय कुमार अग्रवाल व महामंत्री एडवोकेट दिनेश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, विजय गोयल, आरती गुप्ता, पीयूष अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


फाग महोत्सव में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

### आनंद आश्रम में फागोत्सव का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में गुरुवार को बरेली फर्नीचर डीलर्स एसोसिएशन ने फागोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ हुई, इसके बाद आनंद आश्रम संकीर्तन मंडल के दीपेश खंडेलवाल, सर्वेश अग्रवाल, नितिन खंडेलवाल, मनीष और पदम अग्रवाल ने होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे आदि भजनों की प्रस्तुति दी। फूलों से होली भी खेली गई। आनंद आश्रम प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, शशि कांत मोदी, विवेक अग्रवाल, सीए अखिल रस्तोगी के साथ प्रदीप गोयल, सुधीर जायसवाल, सौरभ गर्ग, हरी ओम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### सनातन धर्म मंदिर में फाग महोत्सव मनाया गया



**बरेली, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर में गुरुवार को फाग महोत्सव मनाया गया। जिसमें महिला मंडल ने छप्पन भोग अर्पित किया और फूलों की होली खेली। महामंत्री संजीव चांदना ने बताया कि शुक्रवार से रोजाना 4 से 6 बजे तक महिला मंडल की ओर से भजन संकीर्तन के माध्यम से फूलों के साथ होली उत्सव मनाया जाएगा। महिला मंडल की सदस्यों ने भजन सुनाए, जिनमें भावना सपरा, मधु कथूरिया, राशि धमीजा, चंचल अरोरा, सुनीता मानिकतला, प्रेम धवन, सीमा पुरुषार्थी, ममता बंगा, सोनिया भसीन, नीलू गुलाटी, रेणु छाबड़ा शामिल रहीं।

### भाषण प्रतियोगिता में प्रिया गंगवार प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग में गुरुवार को विद्यार्थियों को प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के जीवन से अवगत कराने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अब्दुल कलाम, सीवी रमन, कल्पना चावला, मैरी क्यूरी आदि वैज्ञानिकों पर विचार रखे। प्रतियोगिता में प्रिया गंगवार ने प्रथम, दिव्यांशी शंखधार ने द्वितीय, राधिका खन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विकास दिवाकर और अमन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. पूजा मालकर, अजहर हुसैन शामिल रहे। संचालन पूर्ति शर्मा ने किया। विभाग प्रभारी प्रो. वीपी सिंह, प्रो. ऋतु अग्रवाल, प्रो. सुंदर सिंह, प्रो. नीरज राठौर, प्रो. अविनाश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

**आवश्यकता है**
- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया ● वार्ड बॉय

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

## फीस वृद्धि के विरोध में सछास ने कुलसचिव को दिया ज्ञापन


कुलसचिव को ज्ञापन देती सछास के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी छात्र सभा ने माइग्रेशन सर्टिफिकेट एवं प्रोविजनल डिग्री की फीस में वृद्धि के विरोध में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव हरीश चंद को ज्ञापन दिया। ह्रदेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माइग्रेशन सर्टिफिकेट की फीस 200 से हजार, प्रोविजनल डिग्री की फीस 300 से हजार रुपये किए जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि अगर 10 मार्च तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ह्रदेश यादव ने कहा कि फीस में की गई यह अत्यधिक वृद्धि छात्र हितों के विपरीत है। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए यह निर्णय कष्टदायक है। विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल प्रभाव से बढ़ी हुई फीस को वापस लेना चाहिए। करण, मुकेश, गजेंद्र कुर्मी, रवि पंडित, विक्रांतपाल, मंजीत, अनिकेत, अनुराग, संजय आदि मौजूद रहे।

# नारद मोह कथा से शुरू हुई रामलीला

कार्यालय संवाददाता, बरेली


रामलीला में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध 166 वीं फाल्गुनी रामलीला का गुरुवार को शुभारंभ हो गया। पहले दिन कथा व्यास मुनेश्वर दास ने नारद मोह की कथा सुनाई। कलाकारों ने श्रीराम के जन्म का मंचन किया।

कथा व्यास ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि श्रीराम ने मनुष्य का शरीर किस कारण धारण किया। भगवान शिव बताते हैं कि देवी जब जब धर्म की हानि होती है, तब समाज में अभिमानी, असुर एवं अधर्म की वृद्धि होती है। जब-जब साधु, गाय, ब्राह्मण पर अत्यधिक अत्याचार होने लगते हैं। तब-तब प्रभु अलग अलग रूप में धरती पर अवतरित होते हैं। मंचन की शुरुआत लक्ष्मी-नारायण के स्वरूपों की झांकी निकालकर की गई। मुख्य अतिथि ने आरती उतार कर विधिवत लीला का शुभारंभ किया। रामलीला प्रभारियों ने देव स्वरूपों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर अभिनंदन किया। अध्यक्ष राजू मिश्रा ने सभी क्षेत्रवासियों का स्वागत किया। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि शुक्रवार को कथा में सीता माता के जन्म का प्रसंग सुनाया जाएगा। सर्वेश रस्तोगी, सुनील रस्तोगी, राज कुमार गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, विवेक शर्मा, सत्येंद्र पांडेय, नीरज रस्तोगी, बॉबी रस्तोगी, दीपेंद्र वर्मा, अमित वर्मा, कमल टंडन, धीरज दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### भगवान को पाने के सारे सूत्र रामचरित्र मानस में

रामचरित मानस में बालकांड का पहला श्लोक के महत्व का वर्णन करते हुए कथा व्यास मुनेश्वर दास ने कहा कि ये भगवान जो सब में व्याप्त हैं, उस अविनाशी को पाने के सारे सूत्र ही इस रामचरित मानस का मुख्य बिंदु है। इसके श्रवण और अवलोकन से प्रभु प्राप्ति निश्चित है। भगवान शिव स्वयं राम की स्तुति करते हैं। राम के ईश्वर स्वयं शिव हैं, तो ये सब भगवान की लीला का ही एक रूप है।

## पत्रकारिता विभाग में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के पीजी फोरम की ओर से गुरुवार को आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच तात्कालिक और सामयिक विषयों की जानकारी से अवगत रहना था।

प्रतियोगिता में छात्र कैलाश, शरद, रिशु कश्यप, रोचक अग्निहोत्री, आशु, प्रकुल सक्सेना, बृजेश तिवारी, अमृता सिंह, प्रभाकर, हर्षित पाठक, अमित कुमार, आदर्श कुमार, कुबेर सुमन, मो. बाबर, शाहिद, अतुल कुमार मौर्य आदि ने भाग लिया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। विभाग प्रभारी डॉ. रमेश त्रिपाठी, विभाग की पीजी फोरम की निदेशिका चेतना तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।